स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश के मौके और बढ़ेंगे : मोदी

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आने वाले साल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निवेश करने का होगा। उन्होंने पिछले आठ वर्षों में इस क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में अपनी सरकार की ओर से किए गए कार्यों पर गर्व भी जताया।

प्रधानमंत्री की यह प्रतिक्रिया एक सरकारी पोर्टल की ओर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को रेखांकित करती एक विस्तृत जानकारी को ट्विटर पर साझा करने के साथ दी। 'स्वस्थ भारत' के निर्माण हेतु पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा ढांचों पर अभूतपूर्व निवेश हुआ है, जिससे आज

न केवल आयुष्मान भारत से किफायती इलाज संभव हुआ है। बल्कि देश आज स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल होने की ओर निरंतर अग्रसर है। पोर्टल के मुताबिक, 3.26 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ मिला।

उन्होंने बताया कि देश में 2014 के बाद चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या में 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।